

## एक नजर में

### उत्साहपूर्वक मनाया पोषण पखवाड़ा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले में पोषण पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसीक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय समर्रा के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया।**

शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्षा के द्वारा कुल 62 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 33 बच्चे और 20 महिलाएं, 2 पुरुष एवं 7 किशोरी बालिकाएं शामिल रहीं। परीक्षण के उपरांत मरीजों को उनकी आवश्यकतानुसार नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया गया। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय गौर की टीम द्वारा 45 बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शासकीय होम्योपैथिक औषधालय अहाररू शिविर में 33 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय कारी शिविर में 32 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय मजना शिविर में 23 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ।

# भगवान परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**महेन्द्र सागर तालाब स्थित मंदिर में हुए धार्मिक कार्यक्रम**


**श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञ में दीं आहुतियां**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। रविवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महेंद्र सागर तालाब स्थित परशुराम मंदिर में सुबह से अभिषेक और पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर में अग्निहोत्री यज्ञ और महामृत्युंजय अनुष्ठान का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां डालीं।**

इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। महेंद्र सागर तालाब स्थित मंदिर के अलावा, शहर की ब्राह्मण कॉलोनी स्थित जागेश्वर धाम मंदिर में भी भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया। नूतन विहार कॉलोनी के मंदिर में पिछले साल स्थापित अष्टधातु की प्रतिमा का भी कॉलोनीवासियों ने विधि-विधान से अभिषेक और पूजन कर आरती उतारी।भगवान परशुराम जन्म महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य सौरभ शर्मा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। यह शोभायात्रा शाम 5 बजे शहर के प्राचीन नजर बाग मंदिर से शुरू हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महेंद्र सागर तालाब स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंची। यहां महाआरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्म महोत्सव मनाया गया। जबकि अक्षय तृतीया पर्व आज सोमवार को मनाया जाएगा। जहां भगवान परशुराम की महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया। प्रतिमा स्थल पर महामृत्युंजय यज्ञ के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया। शाम 5 बजे नजर बाग मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई।

यात्रा मुख्य बाजार होते हुए महेंद्र सागर तालाब स्थित प्रतिमा स्थल पर यात्रा का समापन किया गया। वहां भगवान की महा आरती के बाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन हुआ। इसी प्रकार ब्राह्मण कॉलोनी के जागेश्वर धाम मंदिर और नूतन विहार कॉलोनी के चंद्रशेखर मंदिर में भी भगवान परशुराम की प्रतिमाओं का विधिवत पूजन हुआ। आज अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाएगा। महिलाएं घरों में मिट्टी के नए घड़े रखकर पूजा करेगी।





### महोत्सव के एक दिन पहले निकली रैली

भगवान परशुराम जन्म महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।इसी क्रम में शनिवार शाम ब्राह्मण समाज द्वारा बाइक रैली निकाली गई। रैली की खास बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर साफा बांधकर बाइक चलाई और उत्साह के साथ भागीदारी की। बाइक रैली की शुरुआत नजरबाग मंदिर से हुई।इसके बाद रैली शहर के प्रमुख बाजारों से होती हुई गांधी चौराहे पहुंची, जहां भगवान परशुराम की महाआरती की गई। पूरे रास्ते श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। रविवार को भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### प्रतिमा स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान

सुबह 5 बजे महेंद्र सागर तालाब स्थित प्रतिमा स्थल पर अभिषेक और पूजन किया जाएगा। साथ ही अग्निहोत्र यज्ञ भी आयोजित होगा।सुबह 5 बजे से 9 बजे तक प्रतिमा स्थल पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। इसके बाद शाम 5 बजे प्राचीन नजरबाग मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य एडवोकेट सौरभ शर्मा के अनुसार, शोभायात्रा नजरबाग मंदिर से शुरू होकर सिंधी धर्मशाला, लोकमान्य चौराहा, नजाई बाजार, कटरा बाजार, पुराना पोस्ट ऑफिस और तालदरवाजा होते हुए महेंद्र सागर तालाब पहुंची।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### अध्यक्ष की कुर्सी पर प्रशासक बैठाने की तैयारी

कांग्रेस शासित नगर पालिका में बीते दिनों अनियमितताओं के आरोप में यहां के अध्यक्ष को शासन ने पद से पृथक कर दिया है। अब पूरे 13 दिन बीतने वाले हैं और नपाध्यक्ष की कुर्सी खाली है . इस कुर्सी की जुगाड़ में भाजपा से चुने गए तमाम पार्षद अपने-अपने आकाओं के पास जाकर उन्हें नामित करने की गुहार लगाने में लगे हैं। हालांकि इस कुर्सी को लेकर खबर यह है कि यहां प्रशासक के तौर पर जिले के एडीएम साहब को यहां का प्रभार दिया जाएगा। कई पार्षदों की इस कुर्सी की चाह के कारण भाजपा के अंदरखाने में गुटबाजी पनप चुकी है। इसी गुटबाजी को देखते हुए भाजपा संगठन एवं सत्ता किसी फैसले पर नहीं पहुंच पा रही है। क्योंकि इस जिले में किसी भी निर्णय के पीछे देश की दीदी का फैसला अहम होता है और शायद दीदी ने यह तय नहीं किया है कि कुर्सी पर किसको बैठाना है।

### पूरे 11 दिन बाद नजर आए साहब

अध्यक्ष तो ठीक किसी मजबूरी के कारण वह अपने दांव-पेंच में लगे हैं। इसलिए शायद वह पूरे बारे दिन बीत जाने के बाद भी शहर में नजर नहीं आ रहे हैं, लेकिन अध्यक्ष के सचिव साहब 12 में से 1 कम यानि पूरे 11 दिन लोगों की नजरों से ओझल बने रहे। साहब के करीबी और उनसे मिलने वाले पिछले ग्यारह दिनों से उनके दफ्तर के चक्कर लगाते दिखाई दिए . किसी ने कहा साहब बाहर हैं, तो कोई बोला कि उन्हें गले में ज्यादा दिक्कत है। हालांकि साहब अब नगर में निकल चुके हैं . हो सकता है कि आज का अवकाश खत्म होने के बाद कल दिन मंगलवार से साहब से मुलाकात हो पाए।

### ...आखिर में बात खंडेलवाल के दौरे की

...आखिर में बात कर लेते हैं बीते दिनों हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दौरे की . वैसे अक्सर देखा गया है कि टीकमगढ़ में जब कोई भी नेता पहली बार आता है तो शहर बड़े-बड़े होर्डिंग्स एवं स्वागत द्वार से सजाया जाता है। ऐसा ही खंडेलवाल के दौरे के दौरान हुआ। हालांकि वह इस तरह के नेता नहीं जो ऐसे स्वागतों को कराकर राजनीति करें। उन्होंने अपने भाषण में यह साफ भी किया है। खंडेलवाल एक ऐसे नेता है जो प्रदेश के हर जिले की परिस्थिति को संगठन के तौर पर भली-भांति समझते हैं। उन्होंने यहां यह कहा भी था कि राजनीति को धंधा न समझे संगठन कोई व्यापार का साधन नहीं है। श्री खंडेलवाल की इन लाईनों ने यह साफ कर दिया कि उन्हें कोई भ्रमित तो नहीं कर सकता।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# तिंदारी गांव में गहराया जल संकट, ग्रामीण को पानी की समस्या

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। तिंदारी गांव में भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहरा गया है। वर्ष 2017 में शुरू की गई नल जल योजना ठप पड़ी है, जिसके चलते ग्रामीण पानी के लिए हैंडपंप और कुओं पर निर्भर हैं।**

लगभग नौ साल पहले, 2017 में, शासन की योजना के तहत गांव में सोलर प्लेट लगाकर पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, कुछ ही महीनों के भीतर सोलर प्लेट खराब हो गईं और यह योजना बंद हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के कर्मचारियों ने सोलर प्लांट की प्लेटें और बोरवेल की मोटरें निकाल लीं, जिसके बाद से यह योजना पूरी तरह ठप है। गांव की लगभग 1,000 की आबादी अब कुओं और हैंडपंपों पर निर्भर है। कई हैंडपंप खराब हो चुके हैं और कुओं का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। ग्रामीण महिला शांति देवी ने बताया कि पानी लाने के लिए लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर कुओं तक जाना पड़ता है। गांव में पाइपलाइन बिछाई गई थी और छोटी टंकियां भी बनाई गई थीं, लेकिन यह योजना केवल दो महीने ही संचालित हो पाई। पीएचई अधिकारी अनिल लकरघा ने बताया कि गांव को प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत दोबारा शामिल किया गया है। पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और बान सुजारा बांध से पानी उपलब्ध होते ही घरों तक आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने जल्द ही योजना के पुन: शुरू होने की उम्मीद जताई। तिंदारी गांव में भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहरा गया है।



## गणेशपुरा में लगा शिविर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुक्त मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार कलेक्टर महोदय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत खेल-खेल में शिक्षा थीम पर शासकीय होम्योपैथिक औषधालय अहार के द्वारा गणेशपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**

जिसमें 38 बच्चों, 10 गर्भवती,11 धाती एवं 17 पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया।

# सुपरवाइजर सहित अन्य को दिया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासन के निर्देश अनुसार फाइलेरिया बीमारी उन्मूलन के तृतीय चरण आईडीए इंपैक्ट सर्जरी-1 हेतु ब्लॉक अंतर्गत सीएचसी बड़ागांब के सुपरवाइजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ का जिला प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।**

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला मलेरिया अधिकारी एच एम रावत, बीएमओ बड़ागांव डॉ शांतनु दीक्षित, लैब टेक्नीशियन विनोद जैन, महीप सिंह, बीपीएम अरविंद खरे, बीसीएम, एमआई और स्टाफ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में बताया गया कि आगामी मई माह में ग्रामीण टीकमगढ़ ब्लॉक के चिन्हित 22 ग्रामों में और अर्बन टीकमगढ़ के आठ वार्डो में 20 वर्ष से अधिक उम्र के 3150 व्यक्तियों की जांच डब्ल्यूएचओ द्वारा द्वारा प्रदत्त एफटीएस किट से होगी। इन एफ्टीएस किट से प्रत्येक चिन्हित क्षेत्र में 105 व्यक्तियों की जांच दिन के समय में भी की जा सकेगी। केवल एफ टीएस पॉजिटिव व्यक्ति का ही नाइट ब्लड सर्वे में आगे टेस्ट किया जायेगा।

## नारी शक्ति अधिनियम से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बारे में आम नागरिकों को अवगत कराया जा रहा है।**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाडा के तहत पलेरा विकास खंड में नारी पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा के माध्यम से महिलाओं ने लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने पर केंद्र सरकार को आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही पलेरा विकास खंड के जनपद सभागार में नारी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिलायें उपस्थित रहीं।

# छेड़छाड़ का विरोध करने वाले युवक से मारपीट

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुडेरा थाना क्षेत्र के लार गांव में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शनिवार रात एक जन्मदिन पार्टी में डांस कार्यक्रम चल रहा था, तभी कुछ लोगों ने मिलकर एक युवके से मारपीट कर डाली। आरोप था कि युवक ने कार्यक्रम में आई महिला कलाकारों से अश्लील टिप्पणी की है, लेकिन फिर बाद में मामला कुछ और ही निकला।**



पीड़ित युवक के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित एक युवती ने यह बताया है कि वह शादी, विवाह, पार्टी में आर्केस्ट्रा में जाकर अपनी प्रस्तुती देती है। जब वह बीते दिनों लार गांव में पहुंची तो कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने उससे बदतमीजी की। इतना ही नहीं पीड़िता ने बताया कि उसके कपड़े भी फाड़े। उसने बताया कि वहां मौजूद रोहित लोधी नामक युवक से उसने मदद मांगी। मदद के तौर पर रोहित ने लड़की से बदतमीजी करने वालों को मना किया तो उल्टा ही रोहित लोधी के साथ वहां मौजूद कुछ लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पीड़िता ने बताया कि इसकी शिकायत लेकर वह बुड़ेरा थाने गई तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता यहां जन्मदिन पार्टी में अपना कार्यक्रम देने के लिए पहुंची थी।

पीड़िता ने कहा कि रोहित के साथ गलत मारपीट हुई है। उसने आरोप लगाया है कि जिन लोगों ने रोहित से मारपीट की है उनमें भैयाराजा, रामकुमार, मुकेश गौतम, मनोज गौतम, बादल गौतम सहित 10-12 लोग थे। अब पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते सभी पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कृषि उपज मंडी पहुंचकर केन्द्र की व्यवस्थाओं को देखा**

**गेहूं खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कही बात**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए किसानों को सुगम और पारदर्शी तरीके से उपार्जन हेतु सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने उपार्जन केंद्र पर तौल व्यवस्था, गेहूं की गुणवत्ता, बारदानों की उपलब्धता, परिवहन, भंडारण एवं भुगतान प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुसार ही उपार्जन किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने मौके पर मौजूद किसानों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने केंद्र पर साफ-सफाई, पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए किसानों को सुगम और पारदर्शी तरीके से उपार्जन हेतु सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुसार ही उपार्जन किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने मौके पर मौजूद किसानों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए।



**समस्या** ▶ **पिछले कई दिनों से होम डिलीवरी बंद**

# घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से शहर के उपभोक्ता परेशान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। रविवार को शहर की गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए लंबी कतारें देखी गईं। सिविल लाइन रोड स्थित गिरिराज गैस एजेंसी ने पिछले कई दिनों से होम डिलीवरी बंद कर दी है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी असुविधा हो रही है।**

गिरिराज, अमन और निर्मल गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है, जहां लोग खाली सिलेंडर लेकर गैस मिलने का इंतजार कर रहे हैं। होम डिलीवरी सेवा बंद होने के बावजूद, शहर के कई होटल और रेस्टोरेंट में धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब आम उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल रहे, तो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को ये कैसे उपलब्ध हो रहे हैं। शहर के लोगों ने बताया कि कैश एंड कैरी योजना के तहत यदि उपभोक्ता स्वयं एजेंसी से सिलेंडर लेते हैं, तो उन्हें होम डिलीवरी शुल्क में छूट मिलती है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर पर लगभग 27.60 से 30 तक की बचत होती है। गैस एजेंसी संचालक होम डिलीवरी बंद करके इस छूट का लाभ उठा रहे हैं, जबकि अधिकांश उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी नहीं है। अधिकारियों की उदासीनता भी इस समस्या को बढ़ा रही है।



जानकारी के अनुसार, गिरिराज गैस एजेंसी के पास करीब 30 हजार गैस कनेक्शन हैं। ग्रामीण में भी एक गैस एजेंसी है। लोगों का आरोप है कि टीकमगढ़ के सिलेंडर दमोह भेजे जा रहे हैं और वहां उनकी कालाबाजारी की जा रही है।इस मामले में जिला खाद्य अधिकारी कुलदीप मौर्य ने कहा कि वे होम डिलीवरी बंद होने के संबंध में जांच कराएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें कैश एंड कैरी स्कीम के बारे में जानकारी नहीं है। घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। रविवार को शहर की गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए लंबी कतारें देखी गईं।f

सविल लाइन रोड स्थित गिरिराज गैस एजेंसी ने पिछले कई दिनों से होम डिलीवरी बंद कर दी है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी असुविधा हो रही है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर के अधिकांश उपभोक्ता इन दिनों परेशान दिखाई दे रहे है।

### अधिकारियों की उदासीनता से हो रही परेशानी

लोगों ने बताया कि कैश एंड कैरी योजना के तहत यदि उपभोक्ता स्वयं एजेंसी से सिलेंडर लेते हैं, तो उन्हें होम डिलीवरी शुल्क में छूट मिलती है।इस प्रक्रिया में प्रत्येक 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर पर लगभग 27.60 से 30 तक की बचत होती है।गैस एजेंसी संचालक होम डिलीवरी बंद करके इस छूट का लाभ उठा रहे हैं, जबकि अधिकांश उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी नहीं है। अधिकारियों की उदासीनता भी इस समस्या को बढ़ा रही है।

## 21 से 27 तक लगेगा रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा डीडीयू-जीकेवाई अरर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक रोजगार कैम्प मेलों का आयोजन जायेगा। पीएसएफ सर्विस ट्रेनिंग एकेडमी हैदराबाद सुरक्षा गार्ड के माध्यम से इच्छुक बेरोजगार युवाओं, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।**

21 अप्रैल को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, पृथ्वीपुर विकासखंड में 22 अप्रैल को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, बल्देवगढ़ विकासखंड में 23 अप्रैल को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, जतारा विकासखं डमें 24 अप्रैल को जनपद पंचायत सभाकक्ष में, पलेरा विकासखंड में 25 अप्रैल को जनपद पंचायत सभाकक्ष में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**वभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में जिला जेल का निरीक्षण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

निरीक्षण के दौरान जेल चिकित्सालय, भोजन सामग्री, साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। दिनांक 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली विशेष जेल लोक अदालत के संबंध में निरूद्ध बंदियों को अवगत कराया साथ ही विशेष जेल लोक अदालत हेतु बंदियों के प्रकरणों को चिन्हित किए जाने की कार्यवाही की गई। साथ ही बंदियों के अधिकारों की जानकारी दी गई तथा अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा उपस्थित बंदीजन को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अधीक्षक, यजुवेन्द्र बाघमारे, जेलर एके शुक्ला, सहित जेल कर्मचारीगण एवं अधिक संख्या में बंदीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात श्रद्धा सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र छात्रावास के सामने, गल्ला मण्डी रोड ढोंगा में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा नालसा की आशा योजना एवं बाल विवाह मुक्त करने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किसी लड़की की शादी 18 साल की उम्र से पहले अथवा लड़का की शादी 21 साल की उम्र से पहले करना बाल विवाह कहलाता है, जो कि दण्डनीय अपराध है।